दिनांक : 22/03/2026 समय :2.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार

पीएम मोदी– लंबा कार्यकाल रिकॉर्ड

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में किसी निर्वाचित सरकार का सबसे लंबे समय तक नेतृत्व करने वाले शासनाध्यक्ष बन गए हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के तौर पर मिलाकर उन्होंने 8 हजार 931 दिन का कार्यकाल पूरा कर लिया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के नाम था, जो 8 हजार 930 तक इस पद पर रहे थे। श्री मोदी 2001 में पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने और तेरह साल बाद 2014 में देश के चौदहवें प्रधानमंत्री बने। वे लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले गैर–कांग्रेसी नेता भी हैं।

एलपीजी आवंटन बढ़ोतरी

केंद्र सरकार ने राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी का अतिरिक्त आवंटन बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। बीस प्रतिशत की इस बढ़ोतरी के बाद कुल आवंटन पचास प्रतिशत हो जाएगा। इसका सीधा फायदा रेस्तरां, ढाबे, होटल, डेयरी, औद्योगिक कैंटीन और स्थानीय निकायों द्वारा चलाए जा रहे प्रतिष्ठानों को मिलेगा। पेट्रोलियम मंत्रालय के सचिव नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर बताया है कि यह व्यवस्था सोमवार से लागू होगी।

एक्वा टाइटन जहाज

रूस से कच्चा तेल लेकर जहाज एक्वा टाइटन कर्नाटक के मेंगलुरु बंदरगाह पहुंच गया है। गौरतलब है कि अमरीका ने वैश्विक ईंधन कीमतों को स्थिर रखने के लिए समुद्र में फंसे रूसी कच्चे तेल की बिक्री की अनुमति दी थी। इसी बंदरगाह पर अमरीका से एलपीजी लेकर जहाज पाइक्सिस पायनियर भी पहुंचा है। इस सप्ताह होर्मुज स्ट्रेट से भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकर नंदा देवी और शिवालिक भी गुजरात के वडीनार और मुंद्रा बंदरगाह पहुंचे हैं।

मुख्यमंत्री– उत्तर प्रदेश दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले के दौरे पर हैं। वे रीवा से हेलीकॉप्टर द्वारा मीरजापुर के शक्तेशगढ़ स्थित परमहंस आश्रम पहुंचेंगे और वहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

जयपुर निवेश सत्र

जयपुर में कल आयोजित निवेश सत्र में प्रदेश को 5 हजार 55 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जिनसे साढ़े तीन हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजस्थान के उद्योगपतियों को प्रदेश में निवेश का न्योता देते हुए कहा कि यहां बेहतर नीतियां और सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा।

भाजपा– महिला मोर्चा

मध्य प्रदेश भाजपा ने महिला मोर्चा की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति के बाद यह टीम गठित की गई है। अश्विनी परांजपे के नेतृत्व में बनी इस नई टीम में राजगढ़ से पूर्व कांग्रेस नेता मोना सुस्तानी को प्रदेश महामंत्री की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

विश्व जल दिवस

आज विश्व जल दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से पानी की हर बूंद बचाने और उसके जिम्मेदार उपयोग की अपील की है। सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि पानी जीवन का आधार है और यही पृथ्वी के भविष्य को तय करता है। उन्होंने जल संरक्षण की दिशा में काम कर रहे और लोगों में जागरूकता फैला रहे लोगों की भी तारीफ की।

मौसम

अब बात मौसम की। प्रदेश में पिछले चार दिनों से चल रहा आंधी–बारिश का दौर अब थम गया है। इस दौरान 45 जिलों में बारिश हुई और 17 जिलों में ओले भी गिरे। अब अगले चार दिन तक कहीं भी आंधी–बारिश का अलर्ट नहीं है और तेज गर्मी पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक 26 मार्च से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से प्रदेश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में बादल छा सकते हैं।

समाचार संक्षेप में :–

- जबलपुर नगर निगम ने 'पतझड़ के पत्ते कचरा नहीं हैं' अभियान शुरू किया है, जिसके तहत सूखे पत्तों को जलाने के बजाय उनसे जैविक खाद तैयार की जाएगी।
- रायसेन में सात दिवसीय 'युवा आपदा मित्र' प्रशिक्षण कार्यक्रम में 150 युवा वालंटियर्स को विभिन्न आपदाओं से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया।
- खंडवा सहित निमाड़ अंचल में गणगौर पर्व धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। वहीं जिले के हरसूद में आयोजित तीन दिवसीय 'आदिरंग' महोत्सव का आज समापन होगा।
- रीवा में आज से दो दिवसीय जिला स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में किया जा रहा है।
- नर्मदापुरम के माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' पर संगोष्ठी आयोजित हुई. इसमें विद्यार्थियों को इस अभियान से जोड़ा गया।

————————————